तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क निर्माण करने का लगाया आरोप



## खबर संक्षेप



### 577 मरीजों को मिला गुणवत्तापूर्ण उपचार

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर हो रहे सुधार का सकारात्मक प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। 220 बिस्तर क्षमता वाले सिविल चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ ने नवंबर माह में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हुए कुल 577 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया। यह उपलब्धि अस्पताल की कार्यक्षमता तथा स्थानीय नागरिकों के बढ़ते भरोसे का प्रतीक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में यह उल्लेखनीय प्रगति स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों, संवेदनशील नेतृत्व और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है। उनके मार्गदर्शन में अस्पताल में संसाधनों का विस्तार, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और विशेषज्ञ सेवाओं में लगातार सुधार हुआ है। नवंबर माह के दौरान अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष बल मिला। 135 एएनसी (गर्भावस्था पूर्व जांच) 125 एएनसी (प्रसवोत्तर जांच) सफलतापूर्वक की गईं।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव कल

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का संगम एक बार फिर देखने को मिलेगा। युवाओं की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 5 दिसंबर को अंबेडकर भवन झगराखांड़ एवं शासकीय हाई स्कूल झगराखांड़ में प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। यह युवा उत्सव न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच होगा, बल्कि यह युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

### गीता जयंती पर 15 वें अध्याय का पाठ

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जेल विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल अनूपपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जेल के सभी स्टॉफ एवं जेल में परिरुद्ध बंदियों ने पूर्ण आस्था के साथ सहभागिता की। बंदियों ने श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का सामूहिक सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का मूल वाचन करते हुए उप जेल अधीक्षक इंद्रदेव तिवारी ने बंदियों को उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

### 75 बोरी धान जब्त, कई किसानों का अमानक धान रिजेक्ट

# धान खरीदी में सख्ती, कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने प्रशासन द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कटगोड़ी धान खरीदी केन्द्र और आसपास के क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कई अनियमितताएं उजागर हुईं। बुधवार को सुबह कटगोड़ी धान खरीदी केन्द्र में हुए औचक निरीक्षण में मानक से नीचे गुणवत्ता का लगभग 40 क्विंटल धान रिजेक्ट किया गया।

निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नोडल अधिकारी को तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। केन्द्र में बारदाना एवं ढकने के लिए पॉलीथिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिली। निरीक्षण टीम ने फर्म रूद्र कुमार, मेन रोड कटगोड़ी के गोदाम से अवैध रूप से भंडारित 75 बोरी (30 क्विंटल) धान जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। ग्राम मुरमा में किसान विशुन के यहां से 45 बोरी धान अवैध रूप से भंडारण पाए जाने पर जब्त किया गया। झरना पारा धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी कमलेश देवांगन द्वारा खरीदी केन्द्र का 3 दिसंबर को सुबह औचक निरीक्षण किया, इसमें किसान नीलकंठ पिता देवनंदन ग्राम जटासेमर का 24 बोरी धान अमानक पाए जाने पर रिजेक्ट कर वापस लौटा दिया गया। इसी तरह पोंडी में दो किसानों का 71 बोरी अमानक धान रिजेक्ट किया गया। बचरा पोड़ी धान उपार्जन केन्द्र में बृजमोहन जायसवाल पिता बलराम, ग्राम ▶▶ शेष पेज 4 पर



निरीक्षण करते अधिकारी।



जब्त धान की बोरी।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और अनुशासित बनाने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी बुधवार को रजौली धान खरीदी केन्द्र पहुंची। उन्होंने पूरे केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण कर खरीदी की प्रत्येक प्रक्रिया का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बारदाना की गुणवत्ता और सत्यापन की स्थिति देखी। इसके साथ ही पुराने धान की पहचान कर मॉइस्चर मीटर से नमी परीक्षण कराया गया। अमानक धान पाए जाने पर तत्काल रिजेक्शन की कार्रवाई कराई गई। कलेक्टर ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

## 1326.60 क्विंटल अवैध चावल पकड़ा

धान खरीदी व्यवस्था में सख्ती लाने अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य के निर्देशन में बुधवार को पोड़ी-बचरा स्थित मेसर्स दीपक राइस मिल एवं दीपक एग्रोटेक राइस मिल पर की गई जांच में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1326.60 क्विंटल अवैध चावल जब्त किया। जब्त चावल की कीमत 42,31,077 रूपए आंकी गई है। जांच में पाया गया कि दो बिहार पासिंग ट्रकों में 727 क्विंटल चावल लोड था। दो छग पासिंग ट्रकों में 699 क्विंटल चावल मिला। पूछताछ में मिल संचालक ने इसे धर्म कांटा में तौल के लिए लाया जाना बताया, लेकिन प्रस्तुत बिल-व्हाउचर से स्पष्ट हुआ कि यह चावल बिहार से लाया गया अवैध माल है। प्रथम दृष्टया यह चावल एफसीआई और नान गोदामों में खपाने की तैयारी में लाया गया प्रतीत होता है। संयुक्त टीम (खाद्य निरीक्षक, जिला विपणन अधिकारी, सहायक पंजीयक) के सत्यापन में पाया गया कि मिल में सिर्फ 12 हजार क्विंटल धान मौजूद था, जबकि एफसीआई-नान में 18 हजार क्विंटल चावल जमा करना जरूरी है, जबकि मौके पर सिर्फ 3 हजार क्विंटल



चावल मिला। वहीं 12 हजार क्विंटल धान से अधिकतम 7,200 क्विंटल चावल ही बन सकता है। इस हिसाब से मिलरों को जमा करने के लिए 24 हजार क्विंटल धान की आवश्यकता थी। इससे स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर चावल खपाने व गड़बड़ी का प्रयास किया गया। वर्ष 2024-25 की कस्टम मिलिंग के विरूद्ध मिल संचालक द्वारा अब भी 18,394 क्विंटल सीएमआर चावल जमा करना शेष है। वाहन क्रमांक बीआर-24 जीडी 0366 में 425.30 क्विंटल चावल, बीआर- 24 जीबी 2743 में 302.40 क्विंटल चावल, सीजी 15 डीक्यू 9509 ▶▶ शेष पेज 4 पर

# तीन दिनों बाद थम जाएगी शहनाइयों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

साल के आखिरी वर्ष दिसंबर में अब गिनती के ही विवाह मुहूर्त है, इसी माह में खरमास भी लग जाएगा, इसके बाद सभी तरह के मांगलिक कार्यो पर भी प्रतिबंध लग जाएगा।



जानकारी के अनुसार खरमास आगामी 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है, इसलिए शुभ कार्य इसके पूर्व कर लेना उचित होगा। जब खरमास लग जाएगा तब फिर एक माह के लिए किसी भी तरह का विवाह मुहूर्त नहीं होगा और नहीं इस दौरान कोई शुभ कार्य किया जाता है। जानकारी के अनुसार सनातन धर्म में खरमास का विशेष महत्व रहता है। इस दौरान नए एवं मांगलिक कार्य की शुरूआत करना वर्जित रहता है। इस वर्ष आगामी 16 दिसंबर से खरमास की शुरूआत हो रही है, इसके पूर्व अब विवाह के मुहूर्त 4 से 6 दिसंबर तक ही है,इसके बाद विवाह की बैडबाजे व शहनाई की गूंज थम जाएगी। इसके बाद नए साल में 14 जनवरी को मकर सक्रांति के दिन खरमास समाप्त होगा। इस दौरान विवाह व अन्य सभी तरह के मॉगलिक कार्यो पर विराम लग जाता है। खरमास समाप्त होने के बाद ही मांगलिक कार्यो की फिर से शुरूआत हो सकेगी।

### 16 दिसंबर से धनु राशि में सूर्य का प्रवेश

आगामी 16 दिसंबर से सूर्यदेव धनु राशि में प्रवेश करेंगे इसके साथ ही खरमास का प्रारंभ होगा जो लगभग एक माह तक रहेगा। इसके बाद नए साल में 14 जनवरी को सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। साथ ही सभी तरह के मॉगलिक कार्यो पर लगा विराम भी हट जाएगा। खरमास में विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार,मंडन जनेउ संस्कार आदि कार्य वर्जित माना गया है।

### धार्मिक कार्यो पर कोई प्रतिबंध नहीं

खरमास के दौरान किसी भी प्रकार के मॉगलिक कार्यो को करने की मनाही रहती है, लेकिन इस दौरान धार्मिक कार्यो पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नही रहता। मान्यता है कि खरमास आत्मशुद्धि, पूजा-पाठ एवं संयम का समय माना गया है। इस समय किए गए धार्मिक अनुष्ठान, जप तप व दान का फल अक्षय होता है।

## कलेक्टर ने 63 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 63 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

## जागरूकता अभियान

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र ने प्रभावी साइबर सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत आयोजित 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

इसी क्रम में शासकीय हाई स्कूल बंजी में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व जिला समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा, डिजिटल हिंसा, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाव की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना रहा। छात्राओं को बताया गया कि लिंग के आधार पर होने वाली हिंसा उनके मानसिक-शारीरिक विकास और भविष्य के अवसरों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। साइबर सुरक्षा सत्र में छात्राओं को सोशल मीडिया पर बढ़ते अपराध, डेटा शेयरिंग की सावधानियां, डिजिटल ट्रैप से सतर्क रहने के उपाय तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नए आपराधिक कानूनों पर जनजागरूकता स्टाल का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** 1 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में कुमार चौक बैकुंठपुर में नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों के संबंध में जनजागरूकता के लिए विशेष स्टाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए महत्वपूर्ण संशोधनों एवं नए कानूनों के प्रभावी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में जिला न्यायालय कोरिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजीएम), जीएमएफसी न्यायिक अधिकारीगण मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि हुई तथा आमजन को न्यायिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक नेलशन कुजूर, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जागड़े, थाना प्रभारी बैकुंठपुर विपिन लकड़ा, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्टाल में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बूथ स्तरीय बैठक में जुटे कांग्रेसजन

# बैज के कोरिया आगमन पर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में बुधवार को छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के प्रथम कोरिया आगमन पर कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। उनके साथ छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

स्वागत के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कोरिया जिले में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने कहा कि कोरिया जिले में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल-सेक्टर अध्यक्ष एवं सभी बीएलए साथी जमीनी स्तर पर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बीएलए को सतर्क रहते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बूथ क्षेत्र में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने बीएलए साथियों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करें। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज ने बैठक में प्रमुख मुद्दों पर स्पष्ट मार्गदर्शन देते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक पूरी मजबूती के साथएसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। वर्तमान भाजपा सरकार जनता विरोधी निर्णयों से प्रदेश की आर्थिक रीढ़ तोड़ रही है। बिजली दरों में भारी वृद्धि कर आम लोगों पर बोझ बढ़ाया गया है। भूमि गाइडलाइन दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर गरीब, मध्यमवर्गीय तथा किसानों को सीधी मार झोंकी गई है। भाजपा सरकार हर स्तर पर महंगाई बढ़ाकर आम जनता की जेब खाली कर रही है, जबकि कांग्रेस संगठन लगातार इन मुद्दों पर जनता की आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोरिया सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस मजबूती से संघर्ष करेगी, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर ▶▶ शेष पेज 4 पर



प्रदेशध्यक्ष का महामाला से स्वागत करते कांग्रेसी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्तरीय क्वान किडो चैंपियनशिप में मुकेश ने जीता स्वर्ण पदक

**सूरजपुर।** जिले के तेलसरा जैसे छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाले मुकेश कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण की बदौलत एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम मल्टीप्लेक्स हॉल में 29 और 30 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय क्वान किडो चैंपियनशिप में जहां पूरे राज्य के लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इस टूर्नामेंट में 53 किलोग्राम भारवर्ग पुरुष में मुकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



### पीएम श्री जयनगर में नवपदस्थ प्राचार्या पुष्पा राय ने पदभार ग्रहण किया



**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में सोमवार को नई प्राचार्या श्रीमती पुष्पा राय ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है,पदभार ग्रहण के दौरान पूर्व प्राचार्य विरेन्द्र जायसवाल ने औपचारिक रूप से उन्हें प्रभार सौंपते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया,इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रीमती पुष्पा राय को उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं,नवपदस्थ प्राचार्या पुष्पा राय ने पदभार ग्रहण करने उपरांत विद्यालय के शैक्षणिक विकास,विद्यार्थियों की प्रगति और अनुशासन को सर्वोपरि रखने की बात कही तथा सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

### लक्ष्मी गुप्ता बनाए गए कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक

**अंबिकापुर।** छग तेलघानी विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मी गुप्ता को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया है। वर्तमान में लक्ष्मी गुप्ता पिछड़ा वर्ग कांग्रेस सरगुजा जिला के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे थे। लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय समन्वयक का नया दायित्व मिला है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव जी, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का हृदय से आभार है। हम सब मिलकर कांग्रेस एवं पिछड़ा वर्ग को आवाज को बुलंद और स्थापित करने के लिए मेहनत करेंगे। लक्ष्मी गुप्ता की नियुक्ति से हर्ष का माहौल व्याप्त है।



### डीएवी स्कूल में लगाई गई शैक्षणिक मॉडलों की प्रदर्शनी



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य के मार्गदर्शन में शनिवार को जीव विज्ञान,रसायन विज्ञान,भौतिकी विज्ञान,गणित, सामाजिक अध्ययन,हिंदी,अंग्रेजी,कंप्यूटर साइंस,एवं कला विषयों के वर्किंग व स्टैटिक मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित की गई,जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी पूरी लगन व कड़ी मेहनत से मॉडलों व प्रोजेक्ट को साकार रूप दिया,यहाँ पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह के कर कमलों से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया,बिश्रामपुर के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों व अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शनी को देखा और बच्चों के प्रयास एवं क्रियात्मकता की सराहना की,यह प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक एवं आकर्षण का केंद्र रही,मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह व अन्य अतिथियों क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेन्द्र नारायण सिंह,एसके शिंदे एपीएम बिश्रामपुर क्षेत्र एवं गणमान्य अतिथियों का विद्यालय प्राचार्या एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा सैपलिंग भेंटकर स्वागत किया गया,इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को विज्ञान के साथ-साथ विविध विषयों को समझने में सहायक सिद्ध होगी और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगी,इससे प्रेरित होकर विद्यार्थी अपने जीवन को नई दिशा प्रदान कर पाएंगे,कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा मिश्रा ने किया।

## तीन दशक पूर्व सिंचाई के लिए किया गया था निर्माण

# अनुपयोगी होने के बाद कचरे से पट गई करोड़ों की पक्की नहर, लोगों ने जगह-जगह जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन दशक पूर्व किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई कपड़ों की पक्की कैनाल प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। कैनाल को कचरादान बनाने के साथ ही लोगों ने जगह-जगह कब्जा कर लिया है। जल संसाधन विभाग कैनाल के माध्यम से सिंचाई सुविधा विस्तार करने की योजना बना रहा है वहीं ननि ने जगह-जगह की नालियों को कैनाल से जोड़ दिया है। कैनाल में गंदगी भरने के कारण दुर्गंध से लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- अब गंदगी का अंबार, दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल

तीन दशक पूर्व तक महामाया पहाड़ से सटे बड़े इलाके में सालोभर अच्छी खेती होती थी। किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने जल संसाधन विभाग द्वारा नहर बनाई थी तथा नियमित बांकी बांध से पानी की आपूर्ति की जाती थीं। सिंचाई जरूरतों को देखते हुए वर्ष 1990 में नहर का पक्कीकरण कराया था ताकि खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। धीरे-धीरे शहर का विस्तार होता गया तथा खेतों में पानी आबादी बस गई। खेती बंद होने के कारण नहर की उपयोगिता लगभग खत्म हो गई है। इधर उपयोग बंद होने पर अब नहर कचरादान बन गई है। आसपास में निवासरत लोग नहर में ही घरों का कचरा फेंकते हैं। नगर निगम ने भी नहर में शहर की नालियों को जोड़ दिया है जिससे शहर का गंदा पानी एवं कचरा भर गया है। नहर में चारों तरफ झाड़ियां उग आई है। ननि दशकों से नहर का उपयोग गंदा पानी निकासी के लिए कर रहा है लेकिन कभी इसकी साफ-सफाई नहीं कराई। गंदगी एवं दुर्गंध के कारण आसपास में निवासरत ग्रामीणों का बुरा हाल है। लोगों ने जगह-जगह नहर पर कब्जा भी कर लिया है तथा कहीं नहानी तो कहीं गैरज बना दिया है। क्षेत्रवासी नहर के रास्ते ही आवागमन भी करते हैं लेकिन दशकों का समय गुजरने के बावजूद इस नहर के उपयोग की योजना अब तक नहीं बनाई जा सकी है। क्षेत्रवासी लम्बे समय से नहर पर सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं वहीं जल संसाधन विभाग इसके विस्तार की योजना बना रहा है। महामाया मंदिर के निकट से श्रीगढ़ तक 2 किमी लंबी नहर गंदगी से पट गई है।



कचरे से पटी नहर।

### खैरबार तक होती है सिंचाई

इस नहर के माध्यम से ग्राम पंचायत खैरबार तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। आगे की नहर के कचरा से पट जाने के कारण आपूर्ति बंद है। आगे के क्षेत्र में खेती सिमटने के कारण सिंचाई की जरूरतें भी खत्म हो गई है। विभाग अब ग्राम लुचकी, कंठी, खाला तक नहर का विस्तार करने की योजना बना रहा है। विभाग ने अपने अस्तित्व को बचाने के संकट से जूझ रहे लुचकी नाले को भी जिंदा करने की भी योजना बनाई है तथा शासन को प्रस्ताव भेजा है। डिहिलॉक्स स्कूल के पास पुल बनाकर नाले को कैनाल फीडर से जोड़ने की योजना है। लुचकी नाला में पानी भरने पर 10-12 किमी क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

#### साफ-सफाई का विरोध

गंदगी एवं दुर्गंध से परेशानी होने के बावजूद क्षेत्रवासी नहर की साफ-सफाई का विरोध कर रहे है। कुछ महीने पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से नहर की सफाई कराने की योजना बनाई थी लेकिन जैसे ही सफाई शुरू की गई क्षेत्रवासी इसका विरोध करने लगे। वार्डवासियों के भारी विरोध के कारण विभाग को सफाई का कार्य रोकना पड़ा। शहर के लिए नहर काफी उपयोगी साबित हो सकती है लेकिन इसके लिए अब तक कोई पहल प्रारंभ नहीं हो सकी है। इस संबंध में कोई भी निर्णय शासन स्तर पर होने के कारण ननि बंद नहर का उपयोग तो कर रहा है लेकिन इसके अधिग्रहण के लिए पटल नहीं कर रहा है वार्डवासियों का कहना है कि नहर के ऊपर सड़क बनने से क्षेत्रवासी गाड़ाघाट, खैरबार के रास्ते कम समय में सोनपुर से खरसिया चौक तक का सफर कर सकेंगे। नहर की दूसरी तरफ महामाया पहाड़ एवं खैरबार जंगल होने के कारण इस क्षेत्र में चौपाटी सहित अन्य छोटे व्यवसाइयों की संभावना बढ़ सकती है।

#### विस्तार का बना रहे प्रस्ताव

पक्की नहर में कचरा पटने के साथ ही लोगों ने जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया है। नहर को कंठी, खाला तक विस्तार करने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा तथा स्वीकृति मिलते ही अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

-**एपी निरंजन**, जल संसाधन विभाग



## पीएमओ कार्यालय में शिकायत उपरांत प्रबंधन हरकत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

रेहर भूमिगत खदान में कर्मचारियों के खिलाफ प्रधानमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत ने अब बड़ा सामाजिक और आर्थिक संकट रूप ले लिया है। जहां अधिकांश मजदूरों को यूनियन के हस्तक्षेप के बाद काम पर वापस लौटा दिया गया है, वहीं अब कर्मचारियों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है।

प्रधानमंत्री के पोर्टल में शिकायत उपरांत एसईसीएल प्रबंधन द्वारा रेहर खदान में कार्यरत सूरजन आ. मोहर साय, भग्गू आ.गेदला, लालदेव आ. वासुदेव, विजय आ. घासी, हसतम आ. राजूराम, रतीराम आ.जगमोहन, वंशू आ. बाबूलाल, भुकनाथ आ. वालम, कृपाल सिंह आ. अर्जुन, हीरालाल आ. जुलुग, शिवबालक आ. रामदेव, बीरबल आ. मोहरलाल, प्रेमसाय आ. दलसाय, माझी सहित कई कर्मचारियों को कार्य से बैठा दिया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चमरू राम आ. प्राणसाय और रामचंद्र आ. देवसाय जैसे अब दिवंगत कर्मचारियों के नाम भी शिकायत में दर्ज किए गए हैं। प्रधानमंत्री पोर्टल में दर्ज कराई गए शिकायत में शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि कई कर्मचारी स्वयं कार्य करने में असमर्थ हैं और अपनी असली ड्यूटी की जगह अपने पुत्रों या रिश्तेदारों को खदान में भेजते हैं। इस पूरे मामले में प्रबंधन भी मौन सहमति देता है। बताया जा रहा है अधिकांश मजदूर दुर्घटनाओं में घायल होने के कारण खदान के भीतर कार्य करने योग्य नहीं हैं। शिकायत की सूचना पर शुरू हुए जांच के बाद रेहर खदान प्रबंधन ने सभी शिकायत के शिकार हुए कर्मचारियों को काम से बैठा दिया है। जिससे मजदूर परिवारों पर संकट गहरा गया है। स्थानीय कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और प्रबंधन के बीच सांठगांठ कर बेबुनियाद शिकायत को आधार बनाकर मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा सरफेस में कार्यरत सभी कर्मचारियों को चिन्हांकित कर कर्मचारियों को दिए गए भूमिगत भत्ता की कटौती की जा रही है एवं ऐसे कामगार जो अस्वस्थ लग रहे हैं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में करवाया जा रहा है। साथ ही भूमिगत रोल के कर्मचारी जो काम करने में असक्षम हैं, उन्हें बिलासपुर स्पेशल मेडिकल बोर्ड में भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की बात कही जा रही है। अब पीएमओ कार्यालय में शिकायत के बाद प्रबंधन हरकत में आकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिससे प्रबंधन व श्रमिक नेताओं के बीच तनातनी की स्थिति निर्मित हो रही है।

## हंगामे और विरोध के बीच पूर्ण हुई सपनादर में जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के कंडराजा के बाद मंगलवार को ग्राम सपनादर में खुलने वाले नए बॉक्साइट खदान को लेकर भी जमकर हंगामा व विरोध प्रदर्शन हुआ। पर्यावरणीय जनसुनवाई में बाहरी लोगों को शामिल किए जाने का आरोप लगाकर लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान झूमाझटकी तक की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया। दिनभर चले भारी हंगामे के बीच जनसुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें भी महज 277 लोगों ने अपने विचार रखे है और इनमें से लगभग 95 प्रतिशत ने अपनी ओर से खदान खोले जाने पर असहमति जताई है।

बता दें कि मैनपाट विकासखंड के ग्राम कंडराजा और सपनादर में मेसर्स कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. को बॉक्साइट खदान खोले जाने को स्वीकृति दी गई है। कंडराजा में 135.223 हेक्टेयर क्षेत्र में बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है जिसके लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई 30 नवम्बर को हुई जबकि सपनादर में 171.136 हेक्टेयर भूमि पर बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है। 2 दिसंबर को सपनादर में होने वाले बॉक्साइट खनन हेतु पर्यावरणीय जनसुनवाई की गई। अपर कलेक्टर सुनील नायक की अध्यक्षता में जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रक्रिया शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों ने जनसुनवाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के साथ ही बिना ग्राम सभा के ही जनसुनवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने जन सुनवाई स्थगित करने की मांग की। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि जनसुनवाई में बाहरी लोगों को बुलाया गया है। बहारी लोग आकर खदान खोलने का समर्थन कर रहे है। इस दौरान लोगों ने कुछ बाहारी लोगों को मौके पर पकड़ भी लिया उसके साथ झूमा-झटकी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना था है कि जनसुनवाई की सूचना ग्रामीणों को नहीं दी गई और कोई ग्राम सभा हुई। मैनपाट में बॉक्साइट उत्खनन से पर्यावरण को सीधा नुकसान होगा और जल स्त्रोत पर इसका असर पड़ेगा। कंपनी खनिज निकालकर बड़े बड़े गड्ढे छोड़कर चली जाती है। खनन से मैनपाट में पर्यटन को नुकसान होगा और यहां के भोले भाले आदिवासियों का शोषण किया जाएगा। भारी गहमा गहमी और हंगामे के बीच देर शाम तक जन सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें 277 लोगों ने मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार रखे है।



#### पूरी हुई जनसुनवाई

सपनादर में प्रस्तावित बॉक्साइट खदान के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई पूर्ण कर ली गई है। सपनादर में लगभग 171 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। 277 लोगों ने मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार रखे है। पर्यावरणीय जनसुनवाई में ग्राम सभा का प्रावधान नहीं है इसकी जानकारी सभी को दी गई है। अब परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-**सुनील नायक**, अपर कलेक्टर सरगुजा



### अवैध धान लोड़ दो पिकअप को पुलिस ने पकड़ा

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में बाहरी राज्यों से धान की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी कडी में सोमवार को बसदेई चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पिकअप क्रमांक सीजी 15 सीवाई 2026 एवं सीजी 29 एएफ 3433 में अवैध रूप से धान लोड़ कर बिना टोकन के धान ले जाते पकड़ा। आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम भैयाथान को सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई में आरक्षक रामकुमार केंवट व सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

## अवैध रेत परिवहन कर रहे तीन वाहनों को राजस्व व पुलिस ने किया जब्त

**लखनपुर।** लखनपुर उदयपुर के सीमा स्थित रेड नदी से रेत माफियाओं द्वारा रेत का उत्खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसकी शिकायत लगातार प्रशासन को मिली थी। एसडीएम वन सिंह सिंह नेताम के मार्गदर्शन में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने लखनपुर थाने के सामने अवैध रेत परिवहन को लेकर 2 टीपर एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाया जाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल, थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक पीतांबर सिंह, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, रामकुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



### ग्रामीण ने वन विभाग के कर्मचारियों पर लगाया घर में चोरी करने का आरोप

**धौरपुर।** ग्राम कर्रा निवासी ग्रामीण ने वन विभाग में पदस्थ कर्मचारियों पर सूने घर घुस कर अलमारी तोड़ नकदी सहित चांदी के जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ग्रामीण घटना की शिकायत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में धौरपुर अंतर्गत ग्राम कर्रा बकराताल निवासी विनोद कुमार खलखो ने बताया है कि 27 नवम्बर को घर में सिकडी लगाकर साप्ताहिक बाजार बरियों गया था। लगभग शाम 4 बजे पड़ोसी प्रमिल तिर्की ने फोन कर बताया कि घर में वन विभाग के प्रवीण गुप्ता एवं उनके साथ आए अन्य कर्मचारी ने सिकड़ी खोलकर अंदर घुसे थे और पड़ोसी के हस्ताक्षर कराकर चले गए। इधर मकान मालिक विनोद घर पहुंचा तो देखा सामान बिखरे हुए थे और अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। मकान मालिक के मुताबिक अलमारी में नगद 20 हजार एवं चांदी के कुछ जेवर थे जो गायब थे। मकान मालिक ने वन विभाग के कर्मचारी द्वारा चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।



- पीड़ित ने की कलेक्टर एवं एसपी से शिकायत

## कार्मेल स्कूल में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार 29 नवंबर को एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ,आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा उपस्थित थे,विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि की उपस्थिति में प्रतियोगिता आरंभ कराई,विद्यालय के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की मुख्य अतिथि ने सलामी ली,यहाँ पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलकूद व मनोरंजन आवश्यक है,उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन व मन के लिए खेलकूद जरूरी है,आज के युवा पढ़ाई के अलावे खेलकूद के जरिए अपना कैरियर बना रहे हैं,उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यदि भविष्य में कुछ बनना है तो हमें अनुशासन का पालन करना होगा और इसके लिए विद्यार्थी जीवन से ही इसका अभ्यास व्यक्ति को करना चाहिए,उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी,विद्यालय प्राचार्य सिस्टर मार्लिन ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन किया,वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दौड़,लंबी कूद,रिले रेस सहित अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया,प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पदक और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया,आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त स्कूल मैनेजर सिस्टर डायना,खेल शिक्षक एसडी शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टॉफ सक्रिय रहे।






## मंत्री राजवाड़े ने किया पुल निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरमताल और कुसमुसी में लगभग 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाए जा रहे उच्चस्तरीय पुल एवं पुलिया निर्माण कार्यों का आज महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देशन एवं पहल पर यह बहुप्रतीक्षित कार्य प्रारंभ हुआ है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन और विकास को नई दिशा मिलने वाली है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार दोनों स्थानों पर निर्माण कार्य पूरे होने के बाद क्षेत्र के 16 से अधिक गांवों के लगभग 16 हजार से अधिक ग्रामीण प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। पुल निर्माण से दूरस्थ गांवों का जिला मुख्यालय, तहसील व जनपद मुख्यालयों के साथ संपर्क मजबूत होगा तथा बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। इन परियोजनाओं के शुरू होने से भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास की रफ्तार तेज होगी और स्थानीय लोगों के लिए आवागमन, व्यापार और दैनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम बिरमताल और कुसमुसी में भूमिपूजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य कुसुम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, रामू गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया गया स्वागत



**अम्बिकापुर।** कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा महाराष्ट्र से प्रारंभ हुई स्वदेशी संकल्प यात्रा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मंगलवार को अम्बिकापुर पहुंची। यात्रा के शहर आगमन पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण का आधार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। पहले देश की सुरक्षा के लिए हथियार आयात करने पड़ते थे, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के वैज्ञानिकों ने रक्षा उपकरणों का स्वदेशी उत्पादन आरंभ किया और आज भारत रक्षा क्षेत्र में निर्यातक देश बनकर उभरा है। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं कैट के संभाग प्रभारी शंकर बजाज ने भी सभा को संबोधित किया। इसके पश्चात यात्रा शहर भ्रमण करते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहा महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प दिलाया और हरी झंडी दिखाकर यात्रा को अगले गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, अभिषेक सिंह, अजीत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अभिषेक जायसवाल, राकेश शुक्ला, रंजय स्वर्णकार, विन्नु जसवानी, अशोक नागवानी, संजय अग्रवाल, अजय तिवारी, गुलाब धनमानी, दिलीप रेलवानी, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### अचल संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के लिए निर्धारित गाइडलाइन से जनता में रोष : राजवाड़े

**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अचल संपत्तियों की खरीद–फरोख्त के लिए निर्धारित गाइडलाइन दरों में 20 प्रतिशत से लेकर 10 गुना तक की अभूतपूर्व बढ़ोतरी ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। मध्यवर्गीय परिवारों के सिर पर जमीन और मकान खरीदने का बोझ अचानक कई गुना बढ़ जाने से जनता में गहरा रोष दिखाई दे रहा है। सरकार के फैसले पर पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस निर्णय को तुगलकी फरमान बताते हुए आशंका जताई कि इसकी परिणति भी जीएसटी और नोटबंदी जैसी अव्यवस्था में हो सकती है। राजवाड़े ने कहा कि गाइडलाइन दरों की यह उछाल सीधे-सीधे जनता की पहुंच को खत्म कर देगी। गाइडलाइन दरें स्थानीय बाजार मूल्य से भी ऊपर पहुंच गई हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री शुल्क पहले से कई गुना अधिक चुकाना पड़ेगा।



### स्कूटी भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम चंद्रमेढ़ा पकनी निवासी पुरुषोत्तम आ. स्व. कवल साय (54 वर्ष) सोमवार की शाम भाई शोभरन के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 11 बीजे 2686 से खेत की ओर जा रहे थे।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style

# एला
## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

***नई दिल्ली।*** *बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोका: चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शकों के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा विक्रेता को आबकारी ने भेजा जेल

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन की आबकारी सचिव श्रीमती आर संगीता और कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरुद्ध जिले में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने 2 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब जब्ती की बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के तहत ग्राम डकईपारा थाना पटना के निवासी भोले पिता रामप्रकाश के कब्जे से 7 लीटर हाथभट्टी अवैध शराब बरामद कर जब्त की गई। वहीं ग्राम डकईपारा के ही सुनील कुमार पिता विजेन्द्र कुमार के पास से 8.750 लीटर हाथ भट्टी अवैध शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड के लिए जिला न्यायालय बैकुंठपुर में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायाधीश द्वारा आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया गया।

### विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंध

**बैकुण्ठपुर।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के विधानसभा आगामी 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सत्र के दौरान जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी को अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। सत्रावधि के दौरान अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को किसी भी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा। अति आवश्यक होने पर कलेक्टर से अनुमति पर अवकाश प्राप्त कर सकेंगे। सभी विभाग कार्यालय प्रमुख प्राप्त विधान सभा प्रश्नों के उत्तर तैयार करने एवं समय-सीमा में भेजने के लिए अपने-अपने विभाग में सेल का गठन कर फैक्स एवं मेल के द्वारा जानकारी भिजवाने सुनिश्चित करते हुए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में भेजने के लिए शासकीय कार्यालयीन दिवस के साथ ही अवकाश के दिनों में कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित किए जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 3 ज्ञान प्रसाद भगत एवं भृत्य श्रीराम पंडो की ड्यूटी 13 दिसंबर को लगाया गया है। इसी तरह राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 3 रामलाल राजवाड़े एवं प्रोसेस सर्वर लखन राम को 14 दिसंबर तथा खाद्य शाखा के सहायक ग्रेड 3 संदीप कुमार एक्का एवं चौकीदार की ड्यूटी 17 दिसंबर को लगाया गया है।

### संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच और उनकी शक्ति है

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर सहित उन सभी महान निर्माताओ का नमन करता हूं जिन्होंने हमें प्रगतिशील, समावेशी और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों का सम्मान और जनता के अधिकारों की सुरक्षा ही हमारे राष्ट्र की असली शक्ति है।

### 14 करोड़ की लागत से बन रही जजावल मार्ग

## गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क निर्माण करने का लगाया आरोप

### घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जजावल मुख्य मार्ग की हालात दयनीय और जर्जर होने तथा क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण किए जाने की मांग पर कुछ माह पूर्व ही करोड़ो की लागत से सड़क निर्माण शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि लंबे समय बाद क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण शुरू किया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया। आलम है कि सड़क निर्माण कार्य मलबे से डब्ल्यूबीएम कर किया जा रहा है जिसे देख क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने सड़क की गुणवत्ता की जांच तथा ठेकेदार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नही होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चंदौरा–पकनी–जजावल मार्ग पर 14 करोड़ रुपए से कुछ माह पूर्व ही 14 किलोमीटर सड़क निर्माण शुरू किया गया। ग्रामीणों की 20–25 साल से लंबित मांग पर शुरू हुआ यह निर्माण अधिकारियों के देखरेख के अभाव में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क में जेसीबी से निकाला गया पुराना मलबे को ही वापस भरकर डब्ल्यूबीएम जेसीबी से तैयार किया जा रहा है। ऐसे में न तो गुणवत्ता की चिंता और न ही मानक अनुरूप निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी, गिट्टी और मलबे का फर्क मिटा कर जैसे-तैसे सड़क बनाई जा रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क कितना टिकाऊ होगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जजावल मुख्य मार्ग से छोटे वाहन सहित कई यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में घटिया सड़क निर्माण से सड़क की हालत कुछ दिनों बाद ही पूर्व की भांति बदहाल हो जाएगी। बारिश के बाद सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई और सड़क की हालत खराब होने से कुछ माह पूर्व लंबे समय से की जा रही मांग के बाद करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण शुरू किया गया। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होने की आस जगी लेकिन घटिया सड़क निर्माण ने लोगों के आस पर पानी फेर दिया है।जिस तरह से सड़क गुणवत्ताहीन बनाई जा रही है उससे कुछ माह बाद फिर से सड़क पूर्व की भांति जर्जर हो जाएगी। क्षेत्र के लोगों ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता की जांच करने तथा जांच उपरांत दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


सड़क का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

#### निरीक्षण में पाया गुणवत्ताहीन निर्माण

जजावल मार्ग पर बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि बीडीसी चंद्रदेव सिंह, सरपंच मंगल सिंह, सूरज लाल यादव, सुदामा यादव, गोवर्धन राजवाड़े, राम अवतार, बैजनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद, कमलेश, थानेश्वर प्रसाद, शंभू सिंह सहित अन्य ने मौके पर सड़क की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता घटिया पाई गई। जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण करने तथा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों को कहना है कि मौके पर न कोई अधिकारी है न कोई इंजीनियर द्वारा सड़क की गुणवत्ता की गुणवत्ता की जांच की। ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता की जांच कि जाने की मांग की है।

#### लंबे समय बाद बन रही सड़क

जजावल मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण लंबे समय बाद की जा रही है। पूर्व में इन सभी गांव में नक्सली गतिविधियां थी तब से लेकर आज तक यहां का सड़क निर्माण की मांग ग्रामीण करते आ रहे थे। जजावल गांव में पूर्व में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर रुका था तभी सड़क निर्माण की मांग की गई थी तब से लेकर आज तक गांव वालों को सड़क निर्माण के लिए इसका लंबा इंतजार करना पड़ा था। अब जब प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाई जा रही है तो निर्माण इतना घटिया है कि मानक अनुरूप नहीं किया जा रहा है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

#### अनियमितता की मिली शिकायत

जजावल मार्ग पर बन रही सड़क को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है तो इसके लिए टीम गठित कर जांच की जाएगी। जांच उपरांत ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-आरपी महेश्वरी
ईई प्रधानमंत्री सड़क योजना

## साइबर सुरक्षा को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय एमसीबी में पुलिस साइबर सुरक्षा के लिए जिला पुलिस एवं बैंक प्रबंधकों की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक झा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ द्वारा विभिन्न बैंक प्रबंधकों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम, बैंक पुलिस के बीच त्वरित समन्वय एवं तकनीकी कार्रवाई को और प्रभावी बनाना था। बैठक में मुख्य रूप से म्यूल अकाउंट की त्वरित पहचान, पुट ऑन होल्ड प्रक्रिया और संदिग्ध खातों की नियमित निगरानी। साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त फ्रॉड अमाउंट को समय रहते फ्रीज करने तथा पीड़ितों की राशि रिकवरी में तेजी लाने के लिए संयुक्त कार्य योजना।

फिशिंग, यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन टास्क/इन्वेस्टमेंट स्कैम, व्हाट्सऐप हैकिंग सहित बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति बैंक स्टाफ को सतर्क रहने और ग्राहकों को जागरूक करने के निर्देश। फर्जी केवाईसी, नकली दस्तावेजों एवं संदिग्ध खातों को रोकने के लिए बैंकों में सख्त सत्यापन प्रक्रिया लागू करने पर बल दिया। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्टीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराने पर विशेष बल। इंटर बैंक सहयोग, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण, ट्रांजेक्शन ट्रैकिंग एवं इंटरस्टेट समन्वय को और मजबूत बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में साइबर सेल प्रभारी विवेक पाटले, पुष्कल सिन्हा, भूपेन्द्र यादव, जितेन्द्र ठाकुर, राकेश तिवारी सहित बैंक अधिकारी उदय सिंह, संतोष सोनी, उदित कश्यप, प्रवीण वर्मन, मनीष झारिया, योगेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, साकेत सौरभ, प्राग सुहाने, अमित गुप्ता व राहुल जायसवाल, धनेश्वर बावले उपस्थित रहे। बैठक में सभी अधिकारियों ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## संकुल केन्द्र लालपुर में वार्षिकोत्सव


प्रस्तुति देते विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज. नागपुर

संकुल केन्द्र लालपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत हायर सेकेंडरी, माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर संकुल प्राचार्य श्रीमती सुदीप्ता शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार पाण्डेय, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा जिला नोडल सूर्योदय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन एवं मेरिट में स्थान प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक चंद्रभूषण सोनी, जिला नोडल एफएलएन श्रीमती खुशबू दास एवं संकुल अंतर्गत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्यांगजन दिवस पर छात्राओं को मिला सुरक्षा का संदेश




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

महिला सशक्तिकरण केन्द्र (मिशन शक्ति हब) की ओर से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस और लिंग आधारित हिंसा की समाप्ति के लिए चल रहे 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के तहत नवीन महाविद्यालय नागपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को लिंग आधारित हिंसा समाप्ति, दिव्यांगजन के अधिकारों और उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का संदेश दिया गया। यह आयोजन मिशन शक्ति, नवाबिहन और सखी केन्द्र के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को वीरांगनाओं के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनने, आगे बढ़ने और सामाजिक बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बालिकाओं में लैंगिक समानता, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन-स्टॉप सेंटर, संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा और आपातकालीन नंबर 181, 1098, 1930 की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

## दिवा फेस ऑफ छग का ग्रैंड फिनाले देशभर की प्रतिभाएं दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



छग के प्रतिष्ठित फैशन एवं टैलेंट प्लेटफॉर्म दिवा फेस ऑफ छग 2025 का भव्य ग्रैंड फिनाले 29 नवंबर को मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में आयोजित किया गया। राज्य के सबसे बड़े ब्यूटी पैजेंट शो के रूप में पहचान बना चुके इस इवेंट में मॉडलिंग, बेस्ट डांसर, बेस्ट ड्रेस डिजाइनर और बिजनेस अवॉर्ड जैसी कई श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा।

आयोजन की प्रमुख पल्लवी देवांगन मिस नागपुर विनर, मिस छग विनर ने बताया कि यह मंच छग की युवा प्रतिभाओं को न सिर्फ राज्य, बल्कि राष्टीय स्तर पर आगे बढ़ाने का उद्देश्य रखता है। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण और छोटे शहरों से निकलकर आने वाली प्रतिभाएं भी अपनी पहचान बना सकें। इवेंट में विशेष आकर्षण के रूप में ग्रैंड फिनाले जज रही माही सवारियां मिस इंडिया विनर,मिस इंटरनेशनल,मिस छत्तीसगढ़ और अरुण मलिक मिस्टर सेंट्रल इंडिया, मिस्टर छग मिस्टर राजस्थान इन दोनों की मौजूदगी में कार्यक्रम होगी। कार्यक्रम की डायरेक्टर सिमरन बेहेरा, को-डायरेक्टर यश राज, तथा सहयोगी सदस्य रिया सोनकर और तुकिफ ने बताया कि इस बार प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। रजिस्ट्रेशन के दौरान काफी संख्या में युवाओं ने भागीदारी दर्ज कराई है। इवेंट में इस वर्ष नारी शक्ति अवॉर्ड भी प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट डॉ. रश्मि सोनकर, अर्चना गुप्ता, अजय गुप्ता , नीरज पांडे सहित अन्य लोग रहे।

## सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जनपद पंचायत सोनहत ग्राम पंचायत लटमा में सीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति पूर्व में मिली थी, जिसका काम बुधवार से शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लटमा के अटल चौक से आगे मुख्य बस्ती तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए जमीन खुदाई का कार्य प्रारंभ किया गया। यहां अटल चौक से पंचायत भवन के कुछ दूरी तक सीसी सड़क का अभाव था, जबकि इसके बाद सीसी सड़क मुख्य आबादी वाले क्षेत्र तक विस्तारित था, लेकिन लंबे समय पूर्व बने सीसी सड़क की स्थिति खराब हो गई थी। अब सीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के बाद ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद मिल सकेगा।

## विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं किया मैनपाट का शैक्षणिक भ्रमण

**पोड़ीमोड़।** विद्या निकेतन सरहरी के छात्र-छात्राओं को मैनपाट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने कहा मैनपाट को सिर्फ पुस्तक में ही पढेते थे लेकिन आज भ्रमण करने अवसर मिला है जिससे हम सभी लोगों को बहुत कुछ सिखने को मिला, प्रकृति की मनोरम दृश्य देख कर बहुत खुश हुए। स्कूल के प्रधान पाठक सुमन कुशवाहा द्वारा मैनपाट का सैर कराया गया, बच्चों ने जलजली में खुब उछल - कूद की। साथ ही भ्रमण के दौरान मैनपाट के सभी प्वाइंट को देखे। ब्रिज मोहन सोनपाकर ने बताया कि मैनपाट छत्तीसगढ़ का शिमला है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक ठंड मैनपाट में ही लगता है।उल्टा पानी को बच्चों ने देख कर आश्चर्यचकित हो गए। कुमारी प्रार्थना, रागिनी मिश्रा व अन्य सभी छात्र छात्राओं ने कहा कि हम लोग सिर्फ किताबों मैनपाट को पढते थे लेकिन आज प्रत्यक्ष रूप से मैनपाट का भ्रमण किए बहुत ही अच्छा लगा। बच्चों ने मैनपाट में बसे तिब्बतियों से मुलाकात की और बुद्ध मंदिर का भी दर्शन किया।



## जिला स्तरीय आवासीय कुडो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

रामानुजगंज। विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र भवन सनावल में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय कूड़ो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर बलरामपुर जिले के सभी विकासखण्ड से लगभग 250 से 300 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। शिविर का जिसका उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा की भावना, आत्मविश्वास और मानसिक सशक्तिकरण एवं नशा मुक्ति,स्वच्छता और जन–जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और सुरक्षित बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन के चेयरमैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन समिति एवं डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास दोहरे एवं सचिव दिलीप गुप्ता व अमन गुप्ता साथ ही मुख्य प्रशिक्षक सेंसई रोशन लाठिया के नेतृत्व में हुआ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### धान खरीदी में...

पोंडी का 65 बोरी तथा भईयालाल राजवाड़े, ग्राम सांवला का 6 बोरी अमानक धान मिलने पर नोडल अधिकारी ए. टोप्पो द्वारा रिजेक्ट कर वापस किया गया। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि असली किसानों को न्याय मिले और कोचियों बिचौलियों पर सख्ती बनी रहे।

### 1326.60 क्विंटल अवैध...

में 348.90 क्विंटल चावल तथा सीजी 04 एनआर 3900 में 350 क्विंटल इस तरह कुल 1326.60 क्विंटल चावल जब्त की गई, जिसकी कीमत 42 लाख 31 हजार 77 रूपए का है। भौतिक सत्यापन पूरा होने के बाद मिल संचालक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत अब तक बड़ी कार्रवाई की गई है। इस अभियान से फर्जी व अवैध धान, चावल परिवहन करने वालों में हड़कंप मचने की संभावना है।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र...

और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकार, समान अवसरों, सामाजिक भेदभाव के विभिन्न आयामों सहित वीरांगनाओं के प्रेरक जीवन प्रसंगों पर चर्चा की गई और उन्हें शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता को अपना मुख्य हथियार बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विभाग की प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सखी वन-स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं पॉक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नए आपराधिक कानूनों...

बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता की तथा तीनों नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया गया। उपस्थित न्यायालयीन अधिकारियों, लोक अभियोजन अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने भी जनता के प्रश्नों का समाधान किया तथा नए कानूनों की उपयोगिता और बदलावों की व्यावहारिक जानकारी साझा की। कोरिया पुलिस द्वारा आयोजित यह जनजागरूकता कार्यक्रम नागरिकों में विधिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस जन संवाद को और अधिक मजबूत किए जाने की योजना है।

### प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम...

एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। वर्तमान भाजपा सरकार जनता विरोधी निर्णयों से प्रदेश की आर्थिक रीढ़ तोड़ रही है। बिजली दरों में भारी वृद्धि कर आम लोगों पर बोझ बढ़ाया गया है। भूमि गाइडलाइन दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर गरीब, मध्यमवर्गीय तथा किसानों को सीधी मार झोंकी गई है। भाजपा सरकार हर स्तर पर महंगाई बढ़ाकर आम जनता की जेब खाली कर रही है, जबकि कांग्रेस संगठन लगातार इन मुद्दों पर जनता की आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोरिया सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस मजबूती से संघर्ष करेगी, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेगी और जनता के विश्वास के साथ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार स्थापित करेगी। इसके लिए प्रत्येक कांग्रेसियों को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाना होगा तथा हर मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री हरीश परसाई, पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब कमरो, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेश सिंह, राजीव गुप्ता, आशीष यादव, कृष्णा राजवाड़े, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, जाग्रत कुर्रे, एसएन मोदी, सुमन दुबे, शशि मांझी, संजोती मरकाम, साधना जायसवाल, रानी राजवाड़े, रकीबा बेगम, दीपक गुप्ता, वसीम अधिवक्ता, वसीम, फारोग, अंकित गुप्ता, प्रदीप राजवाड़े, सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हैंड हाइजीन व संक्रमण रोकथाम हेतु नर्सिंग स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सीएनई सेल की ओर से मंगलवार को हैंड हाइजीन एवं संक्रमण रोकथाम विषय पर सफाई कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ एवं नर्सिंग छात्राओं के लिए जागरूकता एवं कौशल संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थान में स्वच्छता, सुरक्षित कार्य पद्धतियों और एचआईवी-एड्स संबंधी वैज्ञानिक जानकारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने की।

